राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

वरिष्ठ विधायकों का सम्मान

आम आदमी के आर्थिक उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई स्व.शेखावत ने

—राज्यपाल

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि स्वर्गीय भैरासिंह शेखावत से उनके निकट के सम्बन्ध थे। श्री शेखावत का यक्तिगत एवं कृतित्व प्रभावशाली था। वे अभूतपूर्व व्यक्तित्व के धनी थे। स्व. शेखावत ने समाज के वंचित लोगों के लिए खूब संघर्ष किया। उन्होंने संवेदनशीलता का जबरदस्त परिचय दिया। स्व. शेखावत की आम आदमी के आर्थिक उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बुधवार को यहां रविन्द्र मंच पर स्मृति चिन्ह भेंट कर वरिष्ठ विधायकों का सम्मान किया। केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वरिष्ठ विधायकों को शॉल ओढ़ाया और राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाब चन्द कटारिया ने माल्यार्पण किया। समारोह में वरिष्ठ विधायक श्री निहाल चंद, श्री विश्वेन्द्र सिंह, श्रीमती सूर्यकान्ता व्यास, श्री रामनारायण मीणा, श्री प्रताप सिंह सिंघवी, श्री परसराम मोरदिया और श्री हेमा राम चौधरी का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का शुभकामना संदेश समारोह में पढ़ा गया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्व. शेखावत ने राज्य के ढांचागत व्यवस्था को विस्तार दिया। उनके चिंतन में विशालता और गहराई थी। विभिन्न वैचारिक लोगों को भी वे अपने से जोड़ लेते थे। सभी से सौहाद्रपूर्ण सम्बध बनाने में स्व. शेखावत माहिर थे।

राज्यपाल ने कहा कि स्व. शेखावत अपने सहयोगियों को प्रोत्साहित करते थे ताकि ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ काम करने वाले लोग आगे बढ़ सके। उन्होने कहा कि स्व. शेखावत के आदर्शो का अनुसरण कर हम उनको सच्ची श्रद्वाजंलि दे सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय सुन्दरसिंह भण्डारी सिद्वांतों के स्वरूप थे। उनका व्यवहार ममतामयी था। राज्यपाल ने बताया कि वे स्वयं भी इस ट्रस्ट के आजीवन सदस्य हैं।

समारोह के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत का लोकतंत्र महान है। लोकतंत्र सम्मान से जीने का अवसर प्रदान करता है। लोकतंत्र में अपनी बात को सहजता से कहा जा सकता है। स्व. भण्डारी व स्व. शेखावत ने व्यक्ति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री शेखावत ने कहा कि वरिष्ठ विधायक युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हम सभी को मिलकर इस परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि स्व. शेखावत का पर्यटन में योगदान महत्वपूर्ण रहा। उनकी हेरिटेज पॉलिसी से प्रदेश की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित हैं। स्व. शेखावत के सिद्वांतों को पहले हमे समझना होगा और फिर उन पर चलने का ईमानदारी से प्रयास करना होगा।

विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाब चंद कटारिया ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट वर्ष में पांच कार्यक्रम करता है।

समारोह में स्व. श्री भैरासिंह शेखावत पर बनाई गई लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। आभार कार्यक्रम संयोजक श्री मोहनलाल गुप्ता ने व्यक्त किया। समारोह में श्री अभिमन्यु सिंह, सांसदगण, विधायकगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल